# 2500 वर्गमीटर या उससे बड़े भूखण्डों पर बने स्नानागार व रसोई के अपशिष्ट जल की रि-साईकिलिंग जरूरी होगी

## 10 हजार वर्गमीटर से अधिक सकल निर्मित क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करना अनिवार्य होगा

**जयपुर (कासं)।** प्रदेश में 2500 वर्गमीटर तथा उससे बड़े भू-खण्डों पर बने स्नानागार तथा रसोई के अपशिष्ट जल के शुद्धिकरण व रि-साईकिलिंग की व्यवस्था किया जाना आवश्यक होगा। इसमें टॉयलेट से निकलने वाला जल शामिल नहीं होगा। इसके अलावा 10 हजार वर्ग मीटर से अधिक सकल निर्मित क्षेत्र होने पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाना आवश्यक होगा। टॉयलेट में उपयोग में ली जाने वाली वॉटर क्लोजेट में ड्यूल फ्लश बटन वाले सिस्ट्रन ही अनुमत होगा।

प्रदेश में जल की सीमित उपलब्धता को मध्यनजर रखते हुए अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग प्रणाली तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग एवं नगर विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग ने संयुक्त परिपत्र जारी किया है।

जलदाय व भू-जल मंत्री कन्हैयालाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भवन विनियम 2020 की विनियम 10.11.2 में अपशिष्ट जल शुद्धिकरण एवं रिसाईकिलिंग के आवश्यक प्रावधान किये गए है। उन्होंने बताया कि अपशिष्ट जल के परिशोधन की प्राथमिक जिम्मेदारी स्थानीय निकाय की है। उपयोगकर्ता द्वारा आवेदन करने पर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित शहर स्तरीय समिति एवं पर्यावरण समिति परिशोधित जल के पुनः उपयोग के सम्बन्ध में वास्तविक उपयोगकर्ता की सलाह पर राज्य सीवरेज एवं वेस्ट वॉटर नीति 2016 में निर्धारित दरों पर निर्णय करने का प्रावधान है। जलदाय संचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा बहुमंजिला भवनों में पेयजल कनेक्शन जारी किये जाने की नीति

> ■ बहुमंजिला भवनों वाली योजना में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होने पर ही पेयजल कनेक्शन दिया जायेगा

दिनांक 24 अप्रैल 2024 के बिन्दु संख्या 24 के अनुसार राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग प्रणाली तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लाट का निर्माण एवं कार्यात्मक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसके अभाव में पेजयल कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा।

शासन सचिव ने बताया कि परिशोधित अपशिष्ट जल का उपयोग राज्य सीवरेज एवं वेस्ट वॉटर नीति 2016 के अनुसार कई कार्य के लिए अनुमत किये है। इनमें कृषि, उद्यान एवं सिंचाई कार्य, पार्क में बागवानी, सड़क की धुलाई व छिड़काव कार्य, उद्योग व खनन कार्य, मनोरंजन, तालाब व झील, सामाजिक वानिकी, निर्माण कार्य गतिविधियां, अग्निशमन व अन्य नगर निकाय कार्य, रेलवे, थर्मल पॉवर प्लांट व छावनी क्षेत्र शामिल है।

शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि 2500 वर्ग मीटर अथवा ज्यादा क्षेत्रफल के भवनों में पेयजल कनेक्शन स्वीकृति की प्रक्रिया में तथा रसोई के अपशिष्ट जल के शुद्धिकरण एवं रिसाईकिलिंग एवं पुनः उपयोग प्रणाली का निर्माण एवं कार्यात्मक होना अनिवार्य है। ।उन्होंने बताया कि योजना क्षेत्र अथवा एकल भू-खण्ड पर 10 हजार वर्ग मीटर से अधिक सकल निर्मित क्षेत्र होने पर अपशिष्ट जल के शुद्धिकरण हेतु सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट स्थापित किया जाना एव कार्यात्मक होना अनिवार्य है। विभागीय अभियन्ता के प्रमाणीकरण उपरान्त ही पेयजल कनेक्शन जारी होगा।

डॉ. शर्मा ने बताया कि पेयजल कनेक्शन हेतु स्वीकृति प्रक्रिया में वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली के निर्माण, अपशिष्ट जल के शुद्धिकरण एवं पुनः उपयोग प्रणाली तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट का निर्माण एवं कार्यात्मक होने का सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में 100 प्रतिशत निरीक्षण कर प्रमाणीकरण किया जाएगा। सहायक अभियन्ता अपने क्षेत्राधिकार में 40 प्रतिशत, अधिशाषी अभियन्ता अपने क्षेत्राधिकार में 5 प्रतिशत एंव अधीक्षण अभियन्ता अपने क्षेत्राधिकार में 2 प्रतिशत पेयजल कनेवशन आवेदनों पर निरीक्षण कर प्रमाणीकरण सुनिश्चित करेंगे। प्रमाणीकरण पेयजल कनेक्शन आवेदन पत्रावली में संलग्न करना आवश्यक होगा।

## सड़क है या चांद की सतह?



बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जयपुर की सड़कों पर गड्ढ़ों की भरमार हो गई है, मानो जैसे 'चांद की सतह' पर नज़र आते हैं। सीकर रोड स्थित 14 नंबर पर मुख्य सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि वाहन धीरे-धीरे रैंग-रैंग कर हिचकोले खाते हुए चलते हैं। यहां टूटी सड़क के कारण दिनभर यातायात पुलिस को ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। फोटो-राष्ट्रदूत

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने लॉन्च की नई योजनाएं

**जयपुर (कासं)।** 'भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने 5 अगस्त से नई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि एलआईसी की "युवा टर्म" "डिजी टर्म" योजना केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध है। इन उत्पादों का उद्देश्य उन युवाओं की ज़रूरतों को पूरा करना है, जो जीवन के शुरुआती चरणों में टर्म इंश्योरेंस लेना चाहते हैं और उन्हें ऑफ़लाइन या ऑनलाइन खरीदने के लिए व्यापक विकल्प प्रदान करते हैं। हमने टर्म इंश्योरेंस के माध्यम से आपकी ऋण देनदारियों को कवर करने के लिए एक उत्पाद भी लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि चूंकि आज लोग विभिन्न ज़रूरतों के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए एलआईसी ने बीमाधारक के परिवार को ऋण चुकौती के खिलाफ़ सुरक्षा जाल प्रदान करने के लिए आवास, शिक्षा, वाहन आदि जैसी ऋण देनदारियों को कवर करने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है।

"युवा टर्म-डिजी टर्म" एक नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, लाइफ, इंडिविजुअल, प्योर रिस्क प्लान है, जो पॉलिसी अवधि के दौरान उसकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में बीमाधारक के परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक गैर-सममूल्य उत्पाद है जिसके अंतर्गत मृत्यु पर देय लाभ की गारंटी दी जाती है। इस योजना में प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, जबकि अधिकतम आयु 45 वर्ष है। परिपक्वता के समय न्यूनतम आयु 33 वर्ष और अधिकतम आयु 75वर्ष है। इसमें न्यूनतम मूल बीमा राशि 50 लाख और अधिकतम मूल बीमा राशि 5 करोड़ रुपये है। जबकि 5 करोड़ से अधिक मूल बीमा राशि पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अनुसार अंडरराइटिंग निर्णय के अनुसार मामले दर मामले आधार पर विचार किया जा सकता है।नियमित प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान के तहत बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर देय राशि वार्षिक प्रीमियम का 7 गुना या मृत्यु की तिथि तक भुगतान किए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत या मृत्यु पर भुगतान की जाने वाली सुनिश्चित राशि है। एकल प्रीमियम भुगतान के तहत, मृत्यु लाभ एकल प्रीमियम या मृत्यु पर भुगतान की जाने वाली सुनिश्चित राशि का 125 प्रतिशत है। एलआईसी की युवा क्रेडिट लाइफ/डिजी क्रेडिट लाइफ एक नॉन-पार, नॉन लिंक्ड, लाइफ, इंडिविजुअल, शुद्ध जोखिम योजना है। यह एक शुद्ध घटती अवधि की बीमा योजना है, जिसमें पॉलिसी की अवधि के दौरान मृत्यु लाभ कम हो जाएगा।

## रिलायन्स ज्वैल्स ने "आभार कलेक्शन" के साथ मनाया 17 सालों के भरोसे का जश्न

**जयपुर (कासं)।** भारत के भरोसेमंद ज्वैलरी ब्राण्ड्स में शुमार "रिलायन्स ज्वैल्स" ने अपनी बेजोड़ एवं उत्कृष्ट कारीगरी के साथ उपभोक्ताओं को भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने के 17 सालों के उपलक्ष्य में नए "आभार कलेक्शन" का अनावरण किया। इस साल के "आभार कलेक्शन" मे खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए पेश किए गए ईयररिंग्स की एक्सक्लुज़िव रेंज शामिल है, जिनका सहयोग एवं भरोसा ब्राण्ड की रचनात्मकता और सफलता का आधार है। कैंपेन के संदेश 'ईयररिंग्स दैट एक्सप्रेस यू' के तहत पेश किए व्यापक एवं बहुमुखी आभार कलेक्शन में हर किसी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है।

> ■ "इस साल आभार कलेक्शन में ईयररिंग्स के आधुनिक डिज़ाइनों के साथ झुमकी, स्टड्स और जे-बाली की व्यापक रेंज शामिल है।"

इसमें हर तरह के उपभोक्ताओं की पसंद व ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए हर उम्र, हर स्टाइल, मूड और मौके के लिए ईयररिंग्स पेश किए गए हैं।

कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए कैज़ुअल स्टड्स और हूप्स से लेकर प्रोफेशनल्स महिलाओं के स्टाइल में निखार लाने वाले भव्य डैंगलर्स, तथा त्यौहारों के लिए पारम्परिक झुमकी और जे-बाली महिलाओं के लुक में चार-चांद लगा देगा और इसके ज़रिए वे हर मौके के अनुसार अपने स्टाइल को अभिव्यक्त कर सकेंगी।

रिलायन्स ज्वैल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा कि "हम रिलायन्स ज्वैल्स के 17 सालों का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम अपने उपभोक्ताओं से मिले प्यार और सहयोग के लिए उनके आभारी हैं। आभार कलेक्शन का हर पीस, उपभोक्ताओं के साथ हमारे रिश्ते की ताकत और उनके प्रति आभार का प्रतीक है। उनके सहयोग की वजह से ही हम निरंतर इनोवेट करने और उनकी पसंद एवं ज़रूरत पर खरे उतरने में सफल रहे हैं।" उन्होंने बताया कि आभार कलेक्शन देशभर के 200 से अधिक शहरों में 400 से अधिक स्टोर्स में उपलब्ध है, यह सुनिश्चित करेगा कि हर उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुसार अपना खास पीस खरीद कर विशेष अनुभव पा सके।

उनके अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए हम गोल्ड के मेकिंग चार्ज और डायमण्ड की कीमत पर फ्लैट 17 फीसदी डिस्काउन्ट तथा 5 लाख से अधिक के बिल पर अतिरिक्त 5 फीसदी डिस्काउन्ट का ऑफर भी लेकर आए हैं। आगामी 2 सितम्बर 2024 तक इस कलेक्शन की खरीददारी करने वाले उपभोक्ता इन विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

## उपमहापौर ने की जनसुनवाई



**जयपुर (कासं)।** ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने गुरूवार को मालवीय नगर जोन में जनसुनवाई की। उन्होंने जोन उपायुक्त अर्शदीप बरार और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 15 प्रकरणों पर सुनवाई की और लोगों की समस्याएं जल्द से जल्द दूर करके उन्हें राहत देने के लिए कहा। जनसुनवाई में अधिकांश लोग साफ-सफाई, सीवरेज जाम होने, भूखंड़ों के पट्टे नहीं दिये जाने और अवैध निर्माण व अतिक्रमण की शिकायत लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई के दौरान भवन अनुज्ञा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीमाली, विद्युत समिति अध्यक्ष हरीश शर्मा, सफाई समिति अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, वार्ड 137 के पार्षद दिनेश गौड़ भी मौजूद रहे। जनसंवाद कार्यक्रम के पश्चात लालकोठी मोक्षधाम के बाहर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत 5 पौधे लगाये तथा इसकी सार सम्भाल की जिम्मेदारी तय की।

## रेलवे यात्री को टिकट कंफर्म का झांसा देकर मोबाइल छीनने वाली गैंग के बदमाश पकड़े

**जयपुर (कासं)।** जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए रेलवे पैसेंजर का ध्यान भटकाने के साथ ही टिकट कंफर्म करवाने का झांसा देकर मोबाइल पर ओटीपी देखने की कहकर मोबाइल छीनने वाले अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गैंग के मास्टरमाइंड सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से चोरी के तीस लाख रुपए कीमत के मोबाइल जब्त किए हैं। चोरी के इकट्ठा मोबाइल को गैंग के बदमाश डिमांड पर दिल्ली-बिहार में बेचते थे। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार गैंग के बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

जीआरपी थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गैंग के बदमाश अजय कुमार (22), नीतीश (31), शिवराज मेहतो उर्फ आजाद (31) और सौरभ कुमार (23) निवासी मुंगेर बिहार और धर्मेन्द्र कुमार (23) निवासी लक्खी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के 146 मोबाइल बरामद किए गए है। चोरी के जब्त मोबाइलों की बाजार कीमत करीब 30 लाख

> ■ पुलिस ने गिरोह के कब्जे से चोरी के 30 लाख रुपए के 146 मोबाइल जब्त किए हैं। आरोपी यह फोन दिल्ली-बिहार में बेचते थे।

रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में सामने आया है कि पिछले लम्बे समय से गैंग वारदात को अंजाम दे रही थी। रेलवे स्टेशन व ट्रेन में चार्जिंग के समय मोबाइल को बड़ी चालाकी से चोरी कर लेते थे। पैसेंजर का ध्यान भटकाने के साथ ही टिकट कंफर्म करवाने का झांसा देकर मोबाइल पर ओटीपी देखने की कहकर छीन कर फरार हो जाते थे। चोरी-छीने मोबाइल को बड़ी संख्या में इकट्ठा करने के बाद गैंग के बदमाश दिल्ली-बिहार में अलग-अलग लोगों को डिमांड पर बेचते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आषंका जताई जा रही है।

## बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गुरूवार को विद्याधर नगर स्थित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया और सभी को साफ-सफाई रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्याधर नगर जोन उपायुक्त ओम थानवी, वरिष्ठ भाजपा पार्षद दिनेश कांवट, स्कूल प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ समेत कई लोग मौजूद थे। विद्यालय के लगभग 4000 छात्रों को 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधे भी वितरित किए गए।

## 600 किलोमीटर पीछा कर अंतरराज्यीय नकबजन गैंग को दबोचा

**जयपुर।** राजधानी की हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की नकबजनी की वारदात कर उत्तरप्रदेश में माल बेचने वाले नकबजनों का छह सौ किलोमीटर पीछा कर गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि अंतरराज्यीय नकबजन गैंग गूगल लोकेशन लेकर के रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो देसी कट्टा बरामद किए है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतरराज्जीय नकबजन गैंग के

> ■ गिरफ्तार गैंग के चारों बदमाशों के खिलाफ जयपुर और उत्तर प्रदेश में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो देशी कट्टे बरामद किए हैं।
>
> ■ आरोपी दिन के समय चोरी की बाइक पर रैकी करते और नकबजनी का स्थान चिन्हित कर गूगल लोकेशन लेकर रात के समय वारदात को अंजाम देते थे।

सुदेश सचान (32) निवासी गाजनेर कानपुर उत्तर प्रदेश हाल हरमाड़ा, रोहित साहू (26) निवासी गोविन्द नगर कानपुर उत्तर प्रदेश, राहुल सैन (30) निवासी कोंच जालौन उत्तर प्रदेश और कृष्ण मोहन गांधी (68) निवासी मूलगंज कानपुर उत्तर प्रदेश को पीछा करते हुए छह सौ किलोमीटर दूर कानपुर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गैंग के चारों बदमाशों के खिलाफ जयपुर और उत्तर प्रदेश में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी कट्टा बरामद किए है।

आरोपितों ने नशे के शौक के लिए नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गैंग से पूछताछ में सामने आया है कि वह दिन के समय चोरी की बाइक पर रेकी करते थे और नकबजनी के स्थान को चिन्हित कर गूगल लोकेशन लेकर रात के समय वारदात को अंजाम देते थे।

जयपुर में नकबजनी की वारदात के लिए केटरिंग में काम करना बता कर किराए का मकान लेकर रहते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरी के माल को उत्तर प्रदेश में बेचने चले जाते थे। चोरी का माल बेचकर वापस आने पर दोबारा नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है जिसमें कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### 300 कैमरों की फुटेज खंगालकर बनाया रूट

उन्होंने बताया कि 22 जुलाई की रात को हरमाड़ा के न्यू लोहामंडी रोड पर 4 एस कॉलोनी में नकबजनी की बड़ी वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इसके बाद 300 कैमरों के फुटेज खंगालकर बदमाशों के आने-जाने का रूट तैयार किया और उनकी पहचान की। इस आधार पर इनका उत्तर प्रदेश से कनेक्शन सामने आया।

### जेल से छूटने के बाद जयपुर में रहने लगे

पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि सुदेश सचान शातिर नकबजन है। वह इस साल मार्च में जेल से छूटकर आया और अप्रैल में जयपुर में अलग-अलग जगह पर मकान किराए पर लेकर वारदात करने लगा। उसके खिलाफ यूपी में चोरी-नकबजनी के 30 मुकदमे दर्ज है। वह वारदात में अपने साथी बदलता रहता है और नकबजनी का सामान लेकर उत्तर प्रदेश चला जाता है। वहां सामान ठिकाने लगाकर वापस जयपुर आ जाता।

## सार-समाचार

### डॉ. भुवनेश जैन बने क्षेत्रीय निदेशक



**जयपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा संगठन दिल्ली के निदेशक डॉ. भुवनेश जैन ने जयपुर में भारत के पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक के पद का कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. जैन के पास भारत के पश्चिम क्षेत्र के राजस्थान सहित गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और छत्तीसगढ़ राज्यों का कार्यभार रहेगा। बाड़मेर के मूल निवासी और पद्मश्री मगराज जैन के सुपुत्र डॉ. भुवनेश जैन प्रदेश के राज्य निदेशक के साथ बाड़मेर, पाली, जालोर में जिला युवा समन्वयक रह चुके है। डॉ. जैन मरू जनजीवन पर केंद्रित अनेक पुस्तकों के रचयिता है। लोक संस्कृति के अध्येता डॉ. जैन रेगिस्तानी आदिवासियों के इतिहास और संस्कृति पर डॉक्टरेट कर चुके है। उन्होंने जापान, मलेशिया, चीन और हांगकांगसहित अनेक देशों की यात्रा की है।

### योगेश तंवर बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**जयपुर।** मुहाना मंडी के वरिष्ठ राधेश्याम अग्रवाल, सत्यनारायण सैनी, हीरालाल सैनी, वासुदेव हेमराजानी व छोटी लाल गुर्जर की अध्यक्षता में 7 अगस्त को आमसभा आयोजित की गई। इसमें संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए योगेश तंवर और पप्पू कुरैशी के नाम का प्रस्ताव आया, जिस पर सभी लोगों ने विचार विमर्श किया गया। सभी के विचार सुनने के बाद निर्णय लिया गया कि योगेश तंवर को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जाये, इसमें पप्पू कुरैशी एवं सभी सदस्यों ने अपनी सहमती प्रदान की। इस तरह योगेश तंवर को कार्यवाहक अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार जैन को सचिव बनाया गया।

### वार्ड 74 में नई सड़क का उद्घाटन



**जयपुर।** वार्ड 74 स्थित मोती सिंह भोमियों के रास्ते में नई सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन भाजपा नेता चंद्र मनोहर बटवाडा, पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद व चेयरमैन अजय यादव ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने कहा कि नई सड़क का निर्माण होने से राहगीरों को आने-जाने में सुविधा होगी। स्थानीय निवासियों व व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों को माला-साफा और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान प्रभात शर्मा, मोनिका अग्रवाल, एडवोकेट पियूष अग्रवाल, नरेश विजयवर्गीय, वासुदेव खेमानी, सुंदर बैंड, उमेश शर्मा, नरेश बोहरा, मनीष, अनिल, इफ्तिखार अहमद, नृपेंद्र कर्णावट, योगेश सोनी, विष्णु मीणा, पिंकू शर्मा, विक्रम सिंह, रॉकी जैन, सुभाष सैन, जगदीश सैन, सियाशरण शर्मा और संपत बिसला समेत कई लोग मौजूद थें

### सुष्मिता मुखर्जी की पुस्तक 'नटी' लॉन्च

**जयपुर।** वर्ष 1874 में 12 साल की उम्र में बिनोदिनी ने कलकत्ता नेशनल थियेटर में अपना पहला सीरियस ड्रामा रोल अदा किया। ये वो दौर था जब थियेटर या सिनेमा में महिला का कैरेक्टर भी पुरुष एक्टर ही निभाते थे। उस दौर में थियेटर पर एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली क्रांतिकारी एक्ट्रेस थीं, बिनोदिनी दासी। नटी विनोदिनी के नाम से मशहूर हुई रंगमंच पर अपना जलवा बिखेरने वाली विनोदिनी दासी पर आधारित किताब नटी-एक मूल नाट्य अब हम सभी के लिए उपलब्ध है। इसका लेखन 40 वर्षों से अधिक का अभिनय अनुभव रखने व 60 से अधिक फिल्मों में काम कर चुकीं एनएसडी) से स्नातक प्रख्यात अभिनेत्री व लेखिका सुष्मिता मुखर्जी ने किया है। यह उनकी पांचवी किताब है, जिसमें उन्होंने विनोदिनी दासी की कहानी को आधुनिक समय में वर्तमान संदर्भों के साथ नाटक 'नटी' की नायिका मणि मेखला के ज़रिए कहने का प्रयास किया है। उन्होंने इस नाटक को न सिर्फ लिखा बल्कि अपने थिएटर ग्रुप 'नाटक कंपनी' के अंतर्गत इसका सफल मंचन भी किया है। पाठक इस नाटक की कथा में सिनेमाई छवियों का भी अनुभव कर सकते हैं। बुंदेलखंड के ह्रदय सम्राट कहे जाने वाले अभिनेता-डायरेक्टर राजा बुंदेला की धर्मपत्नी सुष्मिता मुखर्जी ने इससे पूर्व मी एंड जूही बेबी, बांझ-स्त्री मन के अधखुले पन्ने, कॉफी-टेबल बुक ब्रेवआर्ट्स ऑफ बुंदेलखंड व उपन्यास खजुराहो कन्नंड्रम का लेखन भी किया है।

### हर्षोल्लास से मनाया तीज महोत्सव

**जयपुर।** सावन की रिमझिम-रिमझिम फुंहारों के बीच वाटिका रोड स्थित, "आशादीप ग्रींस कॉलोनी" में डायमंड डीवा समूह की युवतियों ने हरियाली सावन तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर युवतियों ने रंग-बिरंगे लहरिये परिधान पहने व सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां दी तथा तीज माता व शिव-पार्वती मैया की पूजा-अर्चना कर अखण्ड सुहाग व सौभाग्य की प्राप्ति की कामना की। मेहंदी, आकर्षक परिधान, नृत्य, भजन गायन तथा सर्वश्रेष्ठ सोलह श्रंगार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई व विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हल्की फुहारों के मध्य नवयुवतियों ने झूला झूलने का आनंद लिया। इस मौके पर संगीता सक्सेना, रागिनी शर्मा, ज्योति, आभा, रश्मि, रजनी, सुमित्रा व ममता आदि उपस्थित रहे। अंत में घेवर व अल्पाहार के साथ "पर्यावरण बचाने व पोधे लगाने" का संकल्प लेकर, सौहार्दपूर्ण माहौल में तीजोत्सव संपन्न हुआ।

### डॉक्टर-नर्सेज के बीच गतिरोध खत्म

**जयपुर।** चांदपोल स्थित जनाना अस्पताल में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच बुधवार को कहासुनी को लेकर उपजा विवाद नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सैनी और जिलाध्यक्ष महिपाल सामोता के दखल के बाद ख़त्म हो गया। डॉक्टर दीपाली शर्मा ने स्टाफ से माफ़ी मांगने के बाद एसोसिएशन ने आंदोलन वापस ले लिया। इस दौरान विकास चौधरी, महेंद्र कुड़ी, राकेश यादव, किरण प्रजापत, सूजा वर्गिस, विनिता शेखावत, क्रोस्ता यादव व अभिषेक शर्मा सहित सैकड़ों नर्सेज उपस्थित रहे।

### अंगदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**जयपुर।** सीआईआई राजस्थान पैनल ऑन हेल्थकेयर की ओर से 29 जुलाई से 7 अगस्त तक राजस्थान अस्पताल, शैल्बी अस्पताल, भगवान महावीर कैंसर और अनुसंधान संस्थान और सीके बिरला अस्पताल में अंगदान के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक जागरूकता सत्र में 100 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया, जिन्हें रोगियों और समाज के साथ अंग दान पर बात करने के लिए प्रेरित किया गया। कुल 500 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ ने अभियान के साथ-साथ डोनर अंग प्रत्यारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभियान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों के साथ अंगदान प्रतिज्ञा भी साझा की गई। प्रत्येक सत्र के अंत में अंगदान जन जागरूकता पर दो लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### डिग्गी-कल्याणजी मार्ग पर सफाई रखें

**जयपुर।** श्री डिग्गी कल्याणजी महाराज की 59वीं लक्खी पदयात्रा 11 अगस्त को होगी। पदयात्रा रूट में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ग्रेटर नगर निगम कमिश्नर रुक्मणी रियाड ने जगतपुरा, मालवीय नगर, सांगानेर जोन उपायुक्त, उपायुक्त (स्वास्थ्य), उपायुक्त गैराज और मुख्य सफाई निरीक्षकों की बैठक ली। आयुक्त रुक्मणी रियाड ने उपस्थित सभी अधिकारियों सीएसआई को निर्देश दिए कि डिग्गी कल्याणजी के पदयात्रियों को कोई भी असुविधा ना हो, इसके लिए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। भंडारे आयोजनकर्त्ता तथा अन्य समाज सेवियों द्वारा सेवार्थ लगाए गए वितरण केन्द्रों पर साफ सफाई, बड़े-बड़े कचरा पात्र रखने के लिए निर्देशित करावे, इसके साथ ही सभी भंडारे आयोजकर्त्ता द्वारा दो-दो वॉलिंटियर्स को अपने-अपने आस-पास क्षेत्र को साफ रखने के लिए भी नियुक्त किया जाये। पद यात्रियों को गंदगी न फैलाने और सड़कों को साफ रखने तथा कचरा कचरा पात्र में ही डालने के लिए समझाईश करते रहे और जोन स्तर पर सफाई कार्मिकों की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए।